**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे तो सीएम ने किया मनाः प्रीतम

**आरोप**

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम पर लगाया मुलाकात न करने का आरोप

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत पर समय दिये जाने के बावजूद भी मुलाकात न करने का आरोप लगाया है।

प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर वार्ता करने के लिए समय लिया गया था और जब वह अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे तो मुख्यमंत्री ने मुलाकात करने से इंकार कर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर मुलाकात न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से दिए गए समय मे अनुसार मिलने गये थे और सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल को मुलाकात करनी थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने चार से ज्यादा लोगों से मिलने से परहेज किया।

सीएम के द्वारा मिलने से मना करने पर उन्होंने इस कृत्य की




प्रीतम सिंह (फाइल फोटो)।

निंदा की है। कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के दौरान विपक्ष की भी राज्य सरकार को राय लेनी चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री लगातार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं जो निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करनी थी और उत्तराखंड के तमाम लोग देश के अन्य राज्यों में फंसे हैं उनको अपने राज्य में लाने की बात करनी थी और कांग्रेस द्वारा जारी किए गए देवभूमि सेवा एप्प में अभी तक 21 हजार लोगों ने अपनी समस्यायें बताई हैं उस पर चर्चा कर उन्हें राज्य में वापस लाने के लिए बात की जानी चाहिए थी जिसका रिकॉर्ड देकर मुख्यमंत्री को अवगत कराना था।

उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि लॉकडाउन करने से पहले कम से कम 48 घण्टे का समय लोगों को देना चाहिए था ताकि जो बाहर फंसे थे वह समय पर अपने घर वापस आ सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिससे कारण आज यह परेशानी पैदा हो गई है।

इस अवसर पर सस्ते राशन को लेकर भी प्रीतम सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीपीएल के साथ साथ एपीएल ओर बिना कार्ड धारकों को भी फ्री में राशन उपलब्ध कराए और टैक्सी समेत चारधाम यात्रा पर निर्भर लोगों को सरकार आर्थिक सहायता दे। बेमौसम की बरसात से किसानों के हुए नुकसान की भरपाई सरकार को करनी चाहिए तथा आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### जिले में जमकर बरसे ओले व बारिश

**संवाददाता** पिथौरागढ। मुख्यालय में दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदली। मुख्यालय में तेज बरसात के साथ जमकर ओलावृष्टि भी हुई। पिछले दो दिन से इलाके में मौसम लगातार आंख मिचौली खेल रहा था। वही देर सांय के आसपास भारी ओले गिरने का सिलसिला जारी रहा जिससे एक बार भी ठंड लौट आई है। जानकारी के मुताबिक इलाके में लोगों की फसलों को नुकसान पहुंचने के समाचार मिले है। वही निचले इलाकों मुसयारी व धारचूला डीडीहाट व गंगोलीहाट में जमकर ओले गिरने व भारी बरसात होने के समाचार मिले है।

### दो दिन जनपद में अल्टासाउंड करायेगें संयुक्त मजिस्टेट डा गहरवार

**संवाददाता** पिथौरागढ। गंगोलीहाट में तैनात संयुक्त मजिस्ट्रेट डा सौरभ गहरवार को जिला मुख्यालय में गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड कराने का जिम्मा सौपा गया है। बता दें कि देशव्यापी लॉकडाउन के चलते मुख्यालय में इन दिनों जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के अल्टासाउंड नही हो पा रहे हैं। वही जिले के जिलाधिकारी डा वी के जोगदडे ने ऐसे समय में इलाके के दूरदराज से जांच कराने के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को हो रही दिक्कत को लेकर गंगोलीहाट के संयुक्त मजिस्ट्रेट डा. सौरभ गहरवार को मुख्यालय में दो दिन के लिए नियुक्त किया है। इनके द्वारा गुरूवार व शुक्रवार को अल्टासाउंड व तांच कराने के लिए नियुक्त कर दिया है।

### बिग बाजार अब सामान पहुंचाएगा आपके दरवाजे पर

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के खिलाफ जंग जारी है और जरूरत के इस वक्त में भारत की सबसे पसंदीदा हाइपरमार्केट चेन बिग बाजार अपने ग्राहकों की मदद का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने अपनी मोबाइल साइट शॉप डॉट बिग बाजार डॉट कॉम पेश की है, जो सभी ग्राहकों के फायदे और आराम के लिए तैयार की गई है। इस साइट को इस्तेमाल करना बेहद आसान है। ग्राहक अपने इलाके का पिन कोड डालेंगे, अपना नजदीकी बिग बाजार स्टोर चुनेंग और रोजमर्रा की जरूरत के सामान से अपनी कार्ट भर लेंगे। ग्राहकों को बिना किसी के संपर्क में आए सुरक्षित तरीके से उनके दरवाजे पर ही ऑर्डर किया गया सारा सामान मिल जाएगा। इसके अलावा ग्राहक फोन कॉल और व्हाट्सऐप के जरिये भी ऑर्डर कर सकते हैं और सामान उनके घर पहुंच जाएगा। साथ ही ग्राहक बिग बाजार के किसी भी स्टोर में खरीदारी में लगने वाला समय बचाने के लिए स्टोर पिक–अप विकल्प भी चुन सकते हैं, जिसमें वे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं और स्टोर जाकर सामान उठा सकते हैं।



## आबकारी विभाग ने छापामार कर पकड़ी चढ़ती दो शराब की भट्टी

**संवाददाता** हरिद्वार। आबकारी विभाग ने बीती देर रात मुखबिर की सूचना पर बहादराबाद क्षेत्र स्थित एक गांव के जंगल में छापा मारकर चलती दो कच्ची शराब की भट्टी का भंडाफोड़ किया है। लेकिन अंधेरे का लाभ उठाते हुए शराब तस्कर फरार होने में कामयाब रहे। आबकारी ने मौके से 120 लीटर कच्ची शराब व एक हजार किलो लहन सहित उपकरण बरामद किये हैं। टीम ने मौके पर ही लहन सहित उपकरणों को नष्ट करते हुए अज्ञात शराब माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी विभाग निरीक्षक लक्ष्मण सिंह बिष्ट के अनुसार बीती देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि बहादराबाद क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव के जंगल में कच्ची शराब की भट्टी चल रही है। सूचना पर आबकारी विभाग टीम ने मौके पर छापामार कार्यवाही की गयी। जिसकी भनक लगते ही कच्ची शराब माफिया मौके से फरार होने में कामयाब रहे। टीम ने मौके पर दो कच्ची शराब की भट्टी चढ़ती हुए पकड़ी।

# गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद रवाना किये गये प्रवासी नेपाली नागरिक

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। देश व्यापी लाकडाउन के चलते भारत में 1500 नेपाली नागरिक फंसे हुए थे। भारत में 14 अप्रैल से लाकडाउन लगातार बरकरार है। नेपाल में आगामी 13 मई तक अन्तराष्टीय सीमा बंद होने के साथ लाकडाउन अब तक जारी है। सूत्रों के मुताबिक अंतराष्ट्रीय सीमा सील होने की वजह से भारत में फसे नेपाली नागरिकों को वापस भेजने के लिए गृह मंत्रालय ने जैसे ही गाइडलाइन जारी की।

गुरूवार सुबह 7 बजे के बीच बसों के माध्यम से सभी नेपाली नागरिक रवाना किये गये। दोनों देशों ने इस मामले पूरी तैयारी कर रखी थी। लाकडाउन के

### प्रवासी नेपाली मजदूरों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

कारण भारत में फंसे इन नेपाली नागरिकों के लिए दोनों देशों के प्रशासन ने गृह मंत्रालय को वापसी का प्रस्ताव तैयार कर भेजा था। बुधवार की देर सांय नेपाल के बैतडी जिला प्रशासन से मिली सूचना के अनुसार गृह मंत्रालय ने भारत से अपने नागरिकों को वापस लाने का आदेश दे दिया था।

जानकारी के मुताबिक राहत शिविरों में रह रहे प्रवासी नेपालियों को भेजने के लिए बसों से इंतजाम किया गया। देशव्यापी लाकडाउन के चलते अंतराष्टीय सीमा बंद होनेकी वजह से ये प्रवासी नेपाली भारत में फंसे रहे। सूत्रों के मुताबिक नेपाल के दार्चुला जिले के नागरिकों को धारचूला पुल से और बैतडी व बंजाग के प्रवासियों को बलुवाकोट झूला पुल से भेजा गया। जिला मुख्यालय के राहत केन्दों में रह रहे दार्चुला के प्रवासी नेपाली नागरिकों को धारचूला और बैतडी व बंजाग के प्रवसाी नेपाली नागरिकों को झूलाघाट से ले जाया गया। बैतडी प्रशासन द्वारा दनके लिए दोनो अंतराष्टीय झूला पूलों को सुबह 7 बजे से खोल दिया गया।

बता दें कि अपने घरों के लिए लौटाये जाने पर यहां से रवाना किये गये प्रवासी नेपाली नागरिको ने जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक पहल की सराहना करते हुए उनका हार्दिक आभार भी व्यक्त किया। वही राहत शिविरों में जिला प्रशासन के द्वारा इन लोगों के लिए किसे प्रशासनिक इंतजामात की भी इन लोगों ने प्रशंसा भी जाहिर की है।

## भाजपा के कार्यकर्ताओं ने की जरूरतमंदों की लिस्ट तैयार

**संवाददाता** हरिद्वार। महादेव नगर वार्ड नंबर 5 में गुरूवार को शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक के सहयोग से उनके प्रतिनिधि के रूप में मुकेश कौशिक ने सप्तऋषि मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, पार्षद अनिल वशिष्ठ, वार्ड मंडल महामंत्री तरुण नैय्यर, वार्ड के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी, महिला मोर्चा वार्ड अध्यक्ष बीना कंबोज, वार्ड महामंत्री पवन सक्सेना, युवा मोर्चा वार्ड अध्यक्ष दीपक कुमार ठाकुर नेतृत्व में आज 500 जरूरतमंद लोगों को राशन किट मुहैया कराई गई।

इस मौके पर मुकेश कौशिक ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्ड की भाजपा टीम के द्वारा जो नाम लिखकर लिस्ट बनाई गई थी, उसके आधार पर आज गरीब और असहाय उन 500 व्यक्तियों को मंत्री मदन कौशिक के सहयोग से राशन वितरण किया गया है और कोविड 19 के तहत लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पर्चे भी प्रिंट कराकर राशन वितरण के साथ लोगों को दिए गए हैं। मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद अनिल वशिष्ठ के नेतृत्व में आज बहुत ही शांतिपूर्ण और उत्साह के साथ लोगों को राशन वितरित किया गया।